कार्यालय प्राचार्य
सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग)
Email: rcscollege1964@gmail.com, Phone: 0788-2322457

दुर्ग, दिनांक ....

प्रेस विज्ञप्ति

सुराना महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय गीत प्रतियोगिता का आयोजन

दुर्ग. सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डी. आर. भावनानी व डॉ. श्रीमती किरण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृभाषा दिवस हम क्यों मनाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहु भाषिता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. किरण तिवारी ने कहा कि मातृभाषा का अपना महत्व है हमें सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के मध्य क्षेत्रीय गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहिणी निर्मलकर, द्वितीय चमन कुंभकर एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से दीपक तिवारी व अनिल जांगड़े प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा शुक्ला ने किया।

प्राचार्य

Principal
Seth R.C.S. Arts & Commerce College
Durg (C.G.)

प्रति,
ब्यूरो प्रमुख
दैनिक ....
में सादर प्रकाशनार्थ।

Scanned with CamScanner